ज्ञानदीप

भारत सरकार
रेल मंत्रालय
भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे – 411 001
(आई. एस. ओ. : 9001-2008 प्रमाणित भारतीय रेल का प्रथम केंद्रीकृत प्रशिक्षण संस्थान)
Government of India
Ministry of Railways
INDIAN RAILWAYS INSTITUTE OF CIVIL ENGINEERING PUNE 411001
(Indian Railways First ISO-9001-2000 Certified Centralized Training Institute)

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन
To Beam As A Beacon of Knowledge

संस्थान – डी ओ टी (020) 26127951, 26123680 रेलवे – 55222, 55862
छात्रावास – डी ओ टी (020) 26130579, 26126816, 26121669 रेलवे – 53101, 53102, 253103
फैक्स: 020-26128677 रेलवे: 55860
ई–मेल: mail@iricen.gov.in
वेब साइट : www.iricen.gov.in

वर्ष – 21 अंक – 81 जनवरी – जून 2017

ज्ञान ज्योति से मार्गदर्शन To Beam as a Beacon of Knowledge

इस अंक में

1. हमारे नए निदेशक
2. श्री नवीन चंद्र शारदा, निदेशक/इरिसेन की विदाई
3. राष्ट्रपति भवन में भा.रे.सि. इंजी. सेवा के परिवीक्षार्थी
4. मुख्य इंजीनियर/ट्रैक प्रोक्योरमेंट का सेमिनार
5. हाई स्पीड रेल पर सेमिनार
6. मुख्य इंजीनियर/ट्रैक मशीन का सेमिनार
7. राज्य के संयुक्त उद्योजकों (JV) की कार्यशाला
8. 8वीं कार्य मानक समिति की बैठक
9. IRSE बैच 2014 का दीक्षांत समारोह
10. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 133वीं एवं 134वीं संयुक्त बैठक
11. संस्थान में गणतंत्र दिवस का आयोजन
12. आईपीडब्ल्युई (आई) तकनीकी सेमिनार
13. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम
14. स्वागत/विदाई
15. श्रद्धांजली
16. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

1. हमारे नए निदेशक



1982 बैच के भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के अधिकारी श्री अशोक कुमार मिश्रा ने दिनांक 30 जून, 2017 से संस्थान के निदेशक का पदभार ग्रहण कर लिया है। इसके पूर्व आप कार्यकारी निदेशक/कार्य, आरडीएसओ, लखनऊ के पद पर कार्यरत थे ।

आपने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रुड़की से बी.ई. की उपाधि प्राप्त की है । पश्चात आपने मोतीलाल नेहरु राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, (MNIT) इलाहाबाद से मास्टर इंजीनियरिंग की उपाधि प्राप्त की है । अपने सेवाकाल के दौरान दक्षिण पूर्व रेल, पूर्व मध्य रेल, उत्तर मध्य रेल एवं आरडीएसओ में विभिन्न पदों पर कार्य किया है । इरिसेन परिवार आपका हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करता है ।

2. श्री नवीन चंद्र शारदा निदेशक/इरिसेन की विदाई



संस्थान के निदेशक श्री नवीन चंद्र शारदा दिनांक 30 जून 2017 को सेवानिवृत्त हो गए हैं । आपके कार्यकाल में संस्थान ने विभिन्न क्षेत्रों में नए आयामों को तय किया है । इनमें कुछ प्रमुख उपलब्धियां हैं जैसे 1. रेल टेक्नॉलॉजी में एम. टेक प्रोग्राम का प्रारंभ । 2. इरिसेन छात्रावास के स्वागत कक्ष का नवीकरण । 3. सीनियर सुपरवाइजर ट्रेनिंग विंग में तल मंजिल में छात्रावास (ए) में विभिन्न सुख–सुविधाओं की उपलब्धता सहित 9 कमरें एवं स्वागत कक्ष एवं ग्रंथालय का नवीकरण । 4. प्रयोगशाला की उन्नत किस्म की मशीनों से सुसज्जित करना इत्यादि । संस्थान आपके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है ।

3. राष्ट्रपति भवन में भा.रे.सि. इंजी. सेवा के परिवीक्षार्थी

भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के 2014 बैच के परिवीक्षार्थियों ने महामहिम राष्ट्रपति श्री प्रणव मुखर्जी से दिनांक 05 अप्रैल 2017 को राष्ट्रपति भवन में मुलाकात की । भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान के लिए यह एक अविस्मरणीय दिन था जब देश के सर्वोच्च पदासीन महामहिम राष्ट्रपति ने इंजीनियरिंग के अधिकारियों को उनके फील्ड में प्रशिक्षण पूरा करने के बाद उनकी कार्यक्षमताओं को और अधिक विकसित करने के लिए प्रोत्साहित किया।



महामहिम राष्ट्रपति के पास कुल 74 परिवीक्षार्थियों का दल मुलाकात करने गया था जिनमें 02 महिला परिवीक्षार्थी भी थीं । भारतीय रेल इंजीनियरिंग सेवा के परिवीक्षार्थियों के दल का नेतृत्व माननीय श्री ए.के.मित्तल, सदस्य इंजीनियरिंग, रेलवे बोर्ड कर रहे थे ।



संरक्षक
अशोक कुमार मिश्र
निदेशक
भा.रे.इं.सं.पुणे

मुख्य संपादक
अनिल कुमार पटेल
उप मुख्य राजभाषा अधिकारी
एवं प्राध्यापक, रेलपथ – 1

संपादक
राजू पाल
कनिष्ठ अनुवादक

इस अवसर पर श्री ए.के.मित्तल, अध्यक्ष, रेलवे बोर्ड, श्री प्रदीप कुमार, सदस्य कार्मिक, रेलवे बोर्ड, श्री आलोक रंजन, अपर सदस्य (सिविल इंजीनियरिंग), श्री ए. के. दूबे, कार्यकारी निदेशक, सिविल इंजीनिरिंग (सा.), श्री अनुराग, सदस्य इंजीनियरिंग के OSD, श्री एन.सी. शारदा, निदेशक, इरिसेन एवं श्री विनीत गुप्ता, वरिष्ठ प्राध्यापक, पुल–1 इरिसेन भी राष्ट्रपति भवन में मौजूद थे ।

इस बार IRAS, IRPS, IRSS विभाग के परिवीक्षार्थियों ने भी राष्ट्रपति भवन में महामहिम राष्ट्रपति जी से मुलाकात की । राष्ट्रपति महोदय ने परिवीक्षार्थियों को संबोधित किया और उन्हें अपना लक्ष्य तय करने की प्रेरणा दी। आपने सभी परिवीक्षार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं । सदस्य (कार्मिक), रेलवे बोर्ड ने महामहिम राष्ट्रपति के प्रति अपनी कृतज्ञता प्रकट की और अपना बहुमूल्य समय देकर इन युवा अधिकारियों को प्रोत्साहित करने के लिए उनका आभार माना । महामहिम राष्ट्रपति के इस मुलाकात से परिवीक्षार्थियों में काम के प्रति निष्ठा एवं सामुदायिक उद्देश्यों की पूर्ति को बढ़ावा मिलता है ।

4. मुख्य इंजीनियर /ट्रैक प्रोक्योरमेंट का सेमिनार



इरिसेन, पुणे में दिनांक 30 एवं 31 मार्च 2017 को मुख्य इंजीनियर /ट्रैक प्रोक्योरमेंट के सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्रीय रेलों के 19 मुख्य इंजीनियर/रेलपथ प्रोक्योरमेंट एवं आर.डी.एस.ओ. के अधिकारियों ने हिस्सा लिया । इस सेमिनार में कार्यकारी निदेशक/क्यूएसी/आर.डी.एस.ओ. एवं निदेशक/इरिसेन श्री एन.सी.शारदा ने उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित किया । विभिन्न प्रस्तावित कार्यसूची मदों पर विस्तार से चर्चा की गई । सेमिनार में कुछ मदों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

5. हाई स्पीड रेल पर सेमिनार



दिनांक 10 एवं 11 मार्च, 2017 को हाई स्पीड रेल (सत्र सं. 17315) पर सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमें आगामी हाई स्पीड टेक्नॉलॉजी से अद्यतन करने एवं जापान सरकार द्वारा भारतीय रेल अधिकारियों के लिए विभिन्न जापानी विश्वविद्यालय में मास्टर डिग्री के लिए प्रस्तावित MEXT स्कॉलरशिप की विस्तृत जानकारी प्रदान की ।

प्रथम सचिव, जापान के दूतावास, नई दिल्ली एवं विभिन्न जापानी विश्वविद्यालयों ने सेमिनार में उपस्थिति दर्शायी एवं व्याख्यान दिए । इसके अतिरिक्त जापान से विडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से टोकियो विश्वविद्यालय एवं सैतमा विश्वविद्यालय से बातचीत की गई । भारतीय रेल के सभी तकनीकी सेवा के अधिकारियों लगभग 60 भारतीय प्रतिभागियों ने महत्वपूर्ण रूचि दर्शायी ।



6. मुख्य इंजीनियर/ट्रैक मशीन का सेमिनार



इरिसेन में दिनांक 20 एवं 21 अप्रैल, 2017 को मुख्य इंजीनियर/टीएमसी के सेमिनार का आयोजन किया गया । जिसमें रेलवे बोर्ड से EDTK/TMC एवं सभी क्षेत्रीय रेलों के मुख्य इंजीनियर/TMC या मुख्य रेलपथ इंजीनियर जो मुख्य इंजीनियर/TMC का भी पदभार देख रहें हैं, के सहित प्रिसिंपल/IRTMTC एवं उप मुख्य इंजीनियर/CPOH/अलाहाबाद एवं रायनपाडू सेमिनार में उपस्थित थे । विभिन्न OEM एवं अन्य व्यापार के साथ संलग्न संगठन भी सेमिनार में उपस्थित थे । परिचालन एवं अनुरक्षण, पॉलिसी एवं स्पेअर पार्टस की खरीद, मानवशक्ति एवं प्रशिक्षण पर पॉलिसी, कार्यक्षमता बढ़ाने के विचार एवं ट्रैक मशीन की उत्पादकता इत्यादि पर विचार–विमर्श किया गया । सेमिनार के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए । दक्षिण कोलकाता डिझेल प्रायवेट लिमिटेड, कोलकाता से श्री विपुल कैसर, मेसर्स कुमिन्स इंडिया, मेसर्स लक्ष्मी इंडस्ट्रियल कार्पोरेशन, मेसर्स एसआरबी इंटरनॅशनल, मेसर्स प्लासर इंडिया, मेसर्स एग्रोमेक स्पेअर्स कार्पोरेशन । इस सेमिनार में कुछ मदों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए ।

7. राज्य के संयुक्त उद्योजकों (JV) की कार्यशाला



दिनांक 24 एवं 25 अप्रैल 2017 को राज्य के संयुक्त उद्योजकों (JV) की कार्यशाला का आयोजन किया गया । रेल सेवा के सभी विभाग के अधिकारी ने इस कार्यशाला में हिस्सा लिया । इस कार्यशाला का उद्देश्य भारतीय रेल ने ग्राहक के लिए क्षमता में वृद्धि एवं बेहतर डिलीवरी प्रदान करने हेतु रु. 8.56 लाख करोड़ का पूंजी निवेश योजना का दायित्व लिया है । प्रोजेक्ट की विशालता एवं सीमित कार्यक्षमता की प्रबंधकीय मर्यादाओं के कारण, प्रोजेक्ट को प्राथमिकता में कार्यान्वित करने के लिए राज्य सरकार आवश्यक संसाधन नहीं जुटा पर रही है । उपरोक्त बाधाओं को दूर करने के लिए, रेल मंत्री ने राज्य

सरकारों के साथ संयुक्त उद्यम कंपनियों के गठन द्वारा प्रोजेक्ट के लिए योजना तैयार करने, विकास, वित्त एवं कार्यान्वयन के लिए राज्यों को सक्रिय प्रतिनिधित्व देकर सहकारी संघवाद पर कार्य प्रारंभ किया है ।

कार्यशाला के दौरान निम्नलिखित प्रस्तुतीकरण भी दिए गए :– स्टेट (JV): ''बैकग्राउंड एंड कन्सेप्ट'', द्वारा श्री बी.पी. डुडेजा, मु.इंजी.(नि.) उ.रे., ''ज्वाइंट वेंचर एग्रीमेंट: साइलेंट फीचर'', द्वारा श्री सौरभ सैनी, सहा. उपाध्यक्ष, इंफ्रा ग्रुप एसबीआई केपिटल मार्केट लिमि., ''बिजनेस प्लान एंड ब्राड प्रिंसिपल ऑफ फंक्शनिंग फॉर स्टेट JV'', द्वारा श्री राजेश अग्रवाल, का.निदे. JV, रेलवे बोर्ड, ''रोल्स एंड रिसपोन्सिबिलेटी ऑफ बोर्ड ऑफ डायरेक्टर एमडी, डायरेक्टर, पार्ट टाइम डायरेक्टर एंड इंडिपेन्डंट डायरेक्टर'' द्वारा श्री ए.पी. द्विवेदी, का.निदे./पीएसयू, रेलवे बोर्ड'', ओवरविव्यू ऑफ पोटिसिपेटीव पॉलिसी फ्रेम वर्क'' द्वारा श्री अचल खरे, प्रबंध निदेशक NHSRC इत्यादि ।

8. 8 वीं कार्य मानक समिति की बैठक



इरिसेन में दिनांक 12 एवं 13 अप्रैल, 2017 को 8वीं कार्य मानक समिति की बैठक का आयोजन किया गया । बैठक में 28 अधिकारियों में विभिन्न रेलों एवं आरडीएसओ से हिस्सा लिया । इस अवसर पर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया जिसमें कई नए उत्पाद दिखाए गए ।

9. IRSE बैच 2014 का दीक्षांत समारोह



दिनांक 09.06.2017 को संस्थान में पहली बार IRSE बैच 2014 का दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया । निदेशक/इरिसेन श्री. एन. सी. शारदा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की । संकाय अध्यक्ष तथा पाठ्यक्रम निदेशक/वरिष्ठ प्राध्यापक पुल श्री विनीत गुप्ता ने परिवीक्षार्थियों को संबोधित किया । IRSE बैच 2014 में प्रथम स्थान प्राप्त किए श्री गौरव रामप्रवेश राय, फेज –1, कु. दीपिका गिल, फेज–2 को निदेशक गोल्ड मेडल तथा द्वितीय स्थान पर श्री कपिल गोयल, फेज–1, विपुल गोयल, फेज– 2 को सिल्वर मेडल से सम्मानित किया गया । कुल 74 IRSE परिवीक्षार्थियों को प्रमाणपत्र से सम्मानित किया गया । समारोह के अंत में निदेशक श्री एन.सी. शारदा ने परिवीक्षार्थियों को उनके नए तैनाती स्थल के लिए बधाई दी और अपने कार्य के प्रति निष्ठा जिम्मेदारी तथा अपने अधीनस्थों का विशेष रूप से ध्यान रखने की सलाह दी ।

10. राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 133वीं एवं 134वीं संयुक्त बैठक

दिनांक 10 फरवरी, 2017 को संस्थान के सम्मेलन कक्ष में राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 133वीं एवं 134वीं बैठक आयोजित की गई । समिति के अध्यक्ष श्री एन.सी.शारदा, निदेशक / इरिसेन, पुणे ने बैठक की अध्यक्षता की ।



निदेशक महोदय ने अपने संबोधन में सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों का स्वागत किया । आपने रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड द्वारा श्री विनीत गुप्ता, वरिष्ठ प्राध्यापक पुल –1 को उनके द्वारा राजभाषा कार्यान्वयन के क्षेत्र में किए गए सराहनीय योगदान के लिए रेल मंत्री राजभाषा पदक के सम्मानित किए जाने पर बधाई एवं उत्तमरोत्तर प्रगति के लिए शुभकामनाएं दी । श्री अनिल कुमार पटेल, प्रा. रेलपथ–1 एवं उप मुख्य राजभाषा अधिकारी के रूप में बैठक की



उपाध्यक्षता की एवं बैठक में उपस्थित सभी सदस्यों को नव वर्ष की हार्दिक शुभकामनाएं दी । संस्थान में 14 सितंबर से 19 सितंबर तक राजभाषा सप्ताह के उत्साहपूर्वक मनाए जानेपर बधाई दी है। आपने कहा कि राजभाषा में अभिव्यक्ति सरल, सहज और स्वाभाविक होती है इसलिए राजभाषा में काम करने के लिए निदेश की जरूरत नहीं होनी चाहिए । स्वेच्छा से हिंदी में काम किया जाना चाहिए । तकनीकी क्षेत्र होने के बावजूद इरिसेन में काफी हद तक राजभाषा का प्रयोग हो रहा है । आप सभी अधिकाधिक हिंदी में कार्य करने के अपने नैतिक दायित्व को निभाने का संकल्प करें । हमारी शुभकामनाएं आप सभी के साथ हैं ।

11. संस्थान में गणतंत्र दिवस का आयोजन



संस्थान में दिनांक 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का आयोजन किया गया । श्री एन.सी.शारदा, निदेशक/इरिसेन ने ध्वजारोहण किया । राष्ट्रगान के उपरांत निदेशक महोदय ने उपस्थित सदस्यों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दी । तदुपरांत खेल प्रतिस्पर्धा का कार्यक्रम रखा गया । खेलकूद के कार्यक्रम में रस्साकसी, लेमन स्पून, बच्चों के लिए मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । इन सभी कार्यक्रमों के आयोजन में खिलाड़ियों के साथ दर्शकों का भी भरपूर मनोरंजन हुआ । सभी कार्यक्रमों में निदेशक महोदय, संकाय सदस्या गण, प्रशिक्षु अधिकाकरी गण, परिवीक्षार्थियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया ।

12. आईपीडब्ल्युई (आई) तकनीकी सेमिनार

प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी दिनांक 12 एवं 13 जनवरी, 2017 को मुंबई में ''चेलेन्जेस इन डिजाइन एंड मेन्टेन्स ऑफ ट्रैक अंडर मिक्सड ट्रैफिक रेजिम ऑफ सेमी हाई स्पीड एंड हैवी एक्सल लोड'' पर आयोजित आईपीडब्ल्युई (आई) सेमिनार में इरिसेन ने सक्रियता से हिस्सा लिया ।

तकनीकी प्रदर्शनी में संस्थान द्वारा प्रकाशित विभिन्न तकनीकी पुस्तकें, फिल्में एवं ई–लर्निंग सीडी को दिखाने के लिए इरिसेन का स्टॉल लगाया गया था ।

13. निकट भविष्य में आयोजित विशेष पाठ्यक्रम

क्र.	पा. सं.	पाठ्यक्रम का शीर्षक	प्रारंभ	समापन
1.	17438	DFCCIL Executive & MRVC प्रोजेक्ट इंजीनियर	03.07.17	28.07.17
2.	17307	मुख्य प्रशासनिक सेमिनार	06.07.17	07.07.17
3.	17418	ओपन लाईन इंजीनियर	10.07.17	21.07.17
4.	17202	वरिष्ठ व्यावसायिक पाठ्यक्रम (पुल एवं सामान्य)	24.07.17	24.08.17
5.	17305	पीपीपी एवं ईपीसी पर कार्यशाला	27.07.17	28.07.17
6.	17007	आईआरएसई 2016 परीक्षा (आगमन)	31.07.17	04.08.17
7	17008	आईआरएसई एम टेक सेमि.–2 (2015 परीक्षा)	08.08.17	18.08.17
8	17420	क्रेन वर्किंग पर विशेष पाठ्यक्रम	21.08.17	22.08.17
9	17401	एनटीपीसी इंजीनियर	06.02.17	10.02.17
10	17865	रेल व्हील इंटरेक्शन एवं डिरेलमेंट	28.08.17	07.09.17
11	17309	प्रशिक्षण प्रबंधकों/मुख्य सामान्य इंजी. सेमिनार	31.08.17	01.09.17
12	17425	टीएमएस	04.09.17	07.09.17
13	17405	समेकित	11.09.17	30.11.17
14	17310	मुख्य पुल इंजी. का सेमिनार	21.09.17	22.09.17

14. स्वागत/विदाई



श्री राजेश कुमार शेखावत वरिष्ठ प्राध्यापक/प्रोजेक्ट ने दिनांक 07 अप्रैल, 2017 को इरिसेन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है । इरिसेन में आने से पूर्व आप आरडीएसओ/लखनऊ में निदेशक / जिओ टेक्निकल इंजीनियरी के पद पर कार्यरत थे । श्री शेखावत, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के 1992 बैच के अधिकारी हैं। आपने दक्षिण रेल एवं दक्षिण पूर्व रेल में विभिन्न पदों पर मंडल एवं मुख्यालय में कार्य किया है । आपने मलेशिया में ट्रैक एक्सपर्ट (रेलपथ विशेषज्ञ) के रूप में तथा रेलवे बोर्ड, रक्षा मंत्रालय एवं आरडीएसओ में भी विभिन्न पदों पर कार्य किया है । संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है ।



श्री अनिल चौधरी प्राध्यापक/रेलपथ मशीन ने दिनांक 10 अप्रैल, 2017 को इरिसेन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप आरडीएसओ/लखनऊ में निदेशक/रेलपथ मशीन के पद कार्यरत थे । श्री चौधरी, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग सेवा के 1993 बैच के अधिकारी हैं। आपने पूर्व रेलवे में उप मुख्य इंजीनियर निर्माण/भागलपुर, उप मुख्य इंजीनियर/रेलपथ मशीन/पूर्व रेलवे, वरिष्ठ मंडल इंजीनियर/आसनसोल/पूर्व रेलवे, मंडल इंजीनियर/आसनसोल इत्यादि पदों पर कार्य किया है। आपने रेल सेवा में कैरियर की शुरूआत सहायक इंजीनियर, पूर्व रेलवे, धनबाद डिवीजन में लातिहार, गोमो से की । संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है।



श्री अतुल देशपांडे, सह प्राध्यापक/कार्य ने दिनांक 30 जनवरी, 2017 को इरिसेन में कार्यभार ग्रहण कर लिया है । इरिसेन में आने से पूर्व आप मनमाड में वरिष्ठ सहायक मंडल इंजीनियर/अनुरक्षण के पद पर कार्यरत थे। आपने सहा. इंजी., (मुख्यालय) भुसावल, सहा. इंजीनियर/(अनुरक्षण) वर्धा, नागपुर, सहायक इंजी., लाईन. भुसावल इत्यादि पदों पर कार्य किया है। संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है ।



श्री टिप्पे स्वामी लक्कमे, ने दिनांक 11 जनवरी, 2017 को इरिसेन में वरिष्ठ अनुदेशक, विद्युत का कार्यभार ग्रहण कर लिया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप पश्चिम रेल के भावनगर मंडल में सीनियर सेक्शन इंजीनियर विद्युत के पद पर कार्यरत थे । संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है ।



श्री सतीश बी. पेशेकर ने दिनांक 10 अप्रैल 2017 को इरिसेन में तकनीकी सहायक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। इरिसेन में आने से पूर्व आप पुणे मंडल में जू.इंजी.(पीवे) म.रे. देहूरोड के पद पर कार्यरत थे । संस्थान आपका हार्दिक स्वागत करता है ।



संस्थान के प्राध्यापक रेलपथ 2 **श्री सुरेश पाखरे** का स्थानांतरण पुणे मंडल में वरिष्ठ मंडल इंजीनियर (समन्वय) के पद पर हुआ है । आप दिनांक 26 अप्रैल 2017 को संस्थान से भार मुक्त हुए । संस्थान आपके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है।



संस्थान के सहायक प्राध्यापक/कार्य **श्री एन.आर.काले** का स्थानांतरण, में वरिष्ठ प्रबंधक (सिविल) मुंबई में डेप्यूटेशन के पद पर हुआ है। आप दिनांक 03 फरवरी, 2017 को संस्थान के कार्यभार से मुक्त हुए । संस्थान आपके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है ।



संस्थान के वरिष्ठ अनुदेशक/कार्य **श्री श्रवणलाल भील/रेलपथ** का पदोन्नति पर स्थानांतरण पुणे मंडल में सहायक मंडल इंजीनियर (दक्षिण) लोनावला में पदोन्नति पर हुआ है। आप दिनांक 31 मई, 2017 को संस्थान के कार्यभार से मुक्त हुए । संस्थान आपके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है ।



संस्थान की वरिष्ठ तकनीकी सहायक **श्रीमती उषा बालसुब्रह्मणियन** का स्थानांतरण दक्षिण मध्य रेल के चिकित्सा विभाग में हुआ है । आप दिनांक 02 जून, 2017 को संस्थान के कार्यभार से मुक्त हुए । संस्थान आपके सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करता है ।



संस्थान में कार्यरत **श्री अशोक दगडु सातपुते**, सीनियर सेक्शन इंजीनियर/प्रयोगशाला की स्वेच्छा से सेवानिवृत्ति दिनांक 30 अप्रैल, 2017 को हुई । सेवानिवृत्ति पर संस्थान आपकी दीर्घायु एवं अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता है और ढेर सारी शुभकामनाएं देता है ।

15. श्रद्धांजली - श्रीमती अरुणाभा ठाकुर



संस्थान में वरिष्ठ अनुवादक के पद पर कार्यरत **श्रीमती अरुणाभा ठाकुर** का 18 मई, 2017 को लंबी बीमारी के कारण निधन हो गया। श्रीमती अरुणाभा ठाकुर ने दि. 24.09.1987 को दानापुर मंडल में राजभाषा सहायक ग्रेड के पद से रेल सेवा प्रारंभ की थी। वर्ष 2003 से इरिसेन में राजभाषा अधीक्षक के पद पर कार्यरत थीं उन्होंने लगभग 14 वर्षों तक इरिसेन की सेवा बड़ी तत्परता एवं लगन से की । सेवा के प्रति उनकी ईमानदारी एवं सत्यनिष्ठा अविस्मरणीय रहेगी। उनके इस दुखद देहावसान पर इरिसेन परिवार उनको श्रद्धासुमन अर्पित करता है एवं ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहन करने की शक्ति के लिए प्रार्थना करता है ।

16. समेकित पाठ्यक्रम में उत्कृष्ट अधिकारी

सत्र सं. 16104 - समेकित पाठ्यक्रम

प्रथम



अनूप सिंह
सहायक मंडल इंजीनियर/
रांची/दक्षिण पूर्व रेल

द्वितीय



राजेन्द्र कुमार
सहायक कार्य. इंजीनियर/
नि./बीड/मध्य रेल

तृतीय



पवन कुमार
सहायक मंडल इंजीनियर/
पनवेल/मध्य रेल

संशोधन सत्र सं. 16103 - समेकित पाठ्यक्रम



श्री चंद्रशेखर टी. अडसुल, सहायक मंडल इंजीनियर/पोरबंदर/पश्चिम रेल को भुलवश सहा. मंडल इंजीनियर/आगरा /उत्तर रेल लिखा गया था । पाठक गण से अनुरोध है कि इस संशोधन को ध्यान में रखें ।

प्रसन्नता एक ऐसी वस्तु है, जिसमें व्यक्ति को शक्ति मिलती है, शरीर मजबूत बनता है और मस्तिष्क का विकास होता है। – रविन्द्रनाथ टैगोर

अनिल कुमार पटेल, उप मुख्य राजभाषा अधिकारी एवं प्राध्यापक रेलपथ–1, भारतीय रेल सिविल इंजीनियरिंग संस्थान, पुणे–1 द्वारा केवल सीमित निशुल्क वितरण हेतु प्रकाशित

Design & Printed By Kalyani Corporation, Pune-30. Tel. 24486080